DNA
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष
RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

सफलता के लिए शिक्षा का महत्व : प्रो. मेहरुख मिर्जा

लखनऊ। नवागंतुक बीटेक, एमबीए एवं अन्य स्नातक पाठ्यक्रम के छात्रों का दो दिवसीय ओरियन्टेशन प्रोग्राम स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईसेज में सम्पन्न हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज मेहरोत्रा ने संस्थान के स्थापना वर्ष से अब तक की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को मन लगा कर शिक्षा अर्जित करने पर बल दिया गया जिससे वे जो भी सपना लेकर इस संस्थान में आए हैं उन्हें पूरा कर सकें। संस्थान के डायरेक्टर जनरल (तकनीकी) डॉ. बीआर सिंह ने बताया कि यदि तल्लीनता से किसी क्षेत्रविशेष में शोधकार्य कार्य किये जाएं तो अवश्य ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्य अतिथि प्रो. मेहरूख मिर्जा कुलपति खूवाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी, फारसी यूनिवर्सिटी ने शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छात्र शिक्षा के महत्व को समझ कर सफलता के चरम तक पहुंच सकते हैं। वक्ताओं ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए अपने सुझाव दिये कि भविष्य में आने वाली चुनौतियों को गंभीरता से लेना होगा तथा आपने जो भी सपने अपने लिये देखे हैं उनको साकार करने के लिये निजी जीवन एवं शिक्षा में सामन्जस्य बैठाना अति आवश्यक है। तभी कोई छात्र सफलता की सीढ़िया चढ़ सकेगा।

10000 से लोग कर रहे काम 2020 तक होंगे 15000 कर्मचारी

लखनऊ। ग्रेटर नोएडा (यूपी) में अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई के पहले चरण के पूरा होने की घोषणा की। भारत में बढ़ते स्मार्टफोन बाज़ार पर बड़ा दांव लगाते हुए इसने मेक इन इंडिया के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की ओप्पो ने 110 एकड़ के औद्योगिक पार्क में उत्पादन में भारी वृद्धि की है। यह औद्योगिक पार्क इस समय 40 लाख स्मार्टफोन का उत्पादन करता है। 2020 में ग्रेटर नोएडा की इकाई के पूर्ण रूप से कार्य षुरू करने के बाद यहां से दक्षिण एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के बाजारों को निर्यात करेगा। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस कैंपस में 10000 से अधिक लोगों का कार्यबल है, जो विनिर्माण, क्वॉलिटी एश्योरेंस और प्रोडक्ट टेस्टिंग में संलग्न है। यहां पर 2020 तक 15,000 से अधिक कर्मचारियों का मानवबल कार्य करने लगेगा। सुमित वालिया वीपी प्रोडक्ट एवं मार्केटिंग ने कहा हमारी ग्रेटर नोएडा की फैक्ट्री सरकार के मेक इन इंडिया कार्यक्रम की सफलता का ज्वलंत उदाहरण है।

सीएनजी बाजार में 33 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की

लखनऊ। यात्री थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा को चलाने के लिए सीएनजी वैकल्पिक ईंधन बनता जा रहा है। स्वंच्छब ईंधन का इस्ते्माल करना वैश्विक स्तहर पर भारतीय सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन को लेकर की गई अपनी प्रतिबद्धता को हासिल करने की दिशा में एक महत्वसपूर्ण घटक है। दो-तीन साल पहले तक सिर्फ600 सीएनजी स्टेंशन थे, लेकिन आज भारत में यह संख्यां 1400 तक पहुंच गई है। सीजीडी की 9वीं नीलामी राउंड के दौरान पेट्रोलियम एवं नैचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड ऑफ इंडिया पीएनजीआरबी को 86 भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करते हुए 4300 सीएनजी स्टेरशन के लिए वर्क प्रोग्राम दिया गया है। सीएनजी थ्री-व्हीलर सेगमेंट में आने वाले सालों में जोरदार वृद्धि देखी जा सकती है। ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड जोकि ऑटोमोटिव उद्योग में थ्री-व्हीहलर एवं फोर-व्हीलर के लिए इंजनों का उत्पादन करता है।